# कार्यालय कार्यपालन यंत्री हरसी उच्च स्तरीय नहर संभाग क्र. 2
# डबरा जिला ग्वालियर (म. प्र.)

पत्र क्रमांक- 1467 /तक /2019 डबरा दिनांक 28/6/2019

प्रति,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष भू प्रबन्ध)
सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल

विषय :- जिला दतिया एवम जिला ग्वालियर के अंतर्गत माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण हेतु 1248.821 हेक्टेयर वनभूमि कार्यपालन यंत्री, हरसी उच्च स्तरीय नहर संभाग क्र. 2 डबरा जिला ग्वालियर को उपयोग पर देने बावत

सन्दर्भ:- वेबपोर्टल पर अपलोड प्रस्ताव (FP/MP/IRRIG/40397/2019) भाग-1 दिनांक 18.6.2019 एवम आपका पत्र क्र. एफ-3/50/2019/10-11/6/1992 भोपाल दिनांक 18/6/19

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवम संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण हेतु 1248.821 हेक्टेयर वनभूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति हेतु पुनरीक्षित नवीन प्रस्ताव भाग -1 वेबपोर्टल पर अपलोड किया गया था जिसमे आपके संदर्भित पत्र द्वारा कमियां बताई गई, उनका बिन्दुवार निवारण निम्नानुसार प्रस्तुत है |

(1) प्रस्ताव के भाग- 1 के बिंदु क्र. A-3(xvii) में मुख्य अभियंता, राजघाट परियोजना, दतिया द्वारा प्राधिकृत किये जाने का प्राधिकृत पत्र अपलोड कर दिया गया है |

(2) प्रस्ताव के भाग- 1 के बिंदु क्र. C(iii) में वनमंडल दतिया एवम वनमंडल ग्वालियर की प्रस्तावित वनभूमि की सर्वे ऑफ़ इंडिया की टोपोशीट पर प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर/सील कर उसकी प्रति वेबपोर्टल पर अपलोड कर दी गई है |

(3) प्रस्ताव के भाग- 1 के बिंदु क्र. C(iv) में वनमंडल दतिया एवम ग्वालियर की प्रस्तावित वनभूमि के जियो रिफरेन्स मेप पर प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर/सील कर एवम जिन मेप पर क़ोर्डिनेट नहीं थे उनके कोर्डिनेट संलग्न कर अपलोड कर दिए गए है |

(4) प्रस्ताव के भाग- 1 के बिंदु क्र. D(i) में प्रस्तावित वनभूमि न्यूनतम क्षेत्र होने से सम्बंधित तीन विकल्पों का तुलनात्मक विवरण पत्रक एवमं तीन विकल्पों को दर्शाने वाले मानचित्र की प्रति प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर/सील कर वेबपोर्टल पर अपलोड कर दी गई है |

(5) प्रस्ताव के भाग- 1 के बिंदु क्र. L(iv) में प्रस्तावित 1248.821 हेक्टेयर वनभूमि में से 1213.056 हेक्टेयर राजस्व भूमि कलेक्टर जिला भिंड द्वारा आवंटित कर दी गई है शेष

Scanned by CamScanner

35.765 हेक्टेयर राजस्व भूमि का आवंटन प्रक्रिया में है | निवेदन है इस अवधि में कि प्रस्ताव के अन्य बिन्दुओं का निरीक्षण कर लिया जाये शीघ्र ही शेष गैर वनभूमि की जानकारी वेबपोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी |

(6) प्रस्ताव के भाग- 1 के बिंदु क्र. L(v) में गैर वनभूमि के जियो रिफरेन्स मेप पर प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर/सील कर एवम जिन मेप पर कोर्डिनेट नहीं थे उनके कोर्डिनेट संलग्न कर अपलोड कर दिए गए है |

(7) प्रस्ताव के भाग- 1 के बिंदु क्र. L(vi) में गैर वनभूमि की सर्वे ऑफ़ इंडिया की टोपोशीट पर प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर/सील कर उसकी प्रति वेबपोर्टल पर अपलोड कर दी गई है |

संदर्भित पत्र द्वारा उठाई गई कमियां की उपरोक्तानुसार पूर्ति कर ऑनलाइन प्रस्ताव भाग -1 आपकी ओर प्रेषित कर दिया गया है |

सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत |

कार्यपालन यंत्री
हरसी उच्च स्तरीय नहर संभाग क्र. 2
डबरा जिला ग्वालियर (म. प्र.)

प्र. क्रमांक- /तक/2019 डबरा दिनांक

प्रतिलिपि,

(1) मुख्य अभियंता, राजघाट नहर परियोजना, दतिया की ओर सूचनार्थ प्रेषित |
(2) अधीक्षण यंत्री, सिंध परियोजना नहर मंडल, शिवपुरी की ओर सूचनार्थ प्रेषित |

Sd/
कार्यपालन यंत्री
हरसी उच्च स्तरीय नहर संभाग क्र. 2
डबरा जिला ग्वालियर (म. प्र.)

Scanned by CamScanner